भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3773
उत्तर देने की तारीख 18 दिसम्बर, 2024

उत्पादन से जुड़ा प्रोत्साहन

3773. श्री दिनेशभाई मकवाणाः
श्री जनार्दन मिश्राः
श्री गोडम नागेशः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय दूरसंचार क्षेत्र में घरेलू विनिर्माण, निवेश और निर्यात तथा नेटवर्किंग उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए कोई उत्पादन से जुड़ा प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना चला रहा है; और

(ख) यदि हां, तो इसमें किए गए वितीय प्रावधान का ब्यौरा क्या है और इससे लाभान्वित होने वाली कंपनियों की संख्या कितनी है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) और (ख) जी हाँ, दूरसंचार एवं नेटवर्किंग उत्पादों के घरेलू विनिर्माण, निवेश एवं निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, दूरसंचार विभाग ने 12,195 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की है जो अप्रैल 2021 से लागू है। इस योजना के अंतर्गत 42 लाभार्थी कंपनियों को मंजूरी दी गई है।

31 अक्टूबर, 2024 की स्थिति के अनुसार, पीएलआई लाभार्थियों ने 3,998 करोड़ रूपये के कुल निवेश की रिपोर्ट दी है तथा 68,708 करोड़ रूपये की कुल बिक्री की है जिसमें 13,007 करोड़ रूपये मूल्य के निर्यात शामिल हैं।

*****